# ODOC से खानपान को मिलेगी नई पहचान

## योगी बोले- व्यंजनों की बेहतर ब्रैंडिंग, मार्केटिंग होगी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रॉडक्ट (ODOP) की तर्ज पर वन डिस्ट्रिक्ट वन कुजीन (ODOC) योजना शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शुक्रवार को ODOP योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि एक जनपद-एक व्यंजन (ODOC) योजना प्रदेश की सांस्कृतिक आत्मा से जुड़ी है। प्रदेश के हर क्षेत्र में खान-पान की कुछ न कुछ विशिष्ट परंपरा है। कहीं हलवा अच्छा है तो कहीं दालमोठ। हर जिले के विशेष व्यंजनों की मैपिंग कर उनकी बेहतर ब्रैंडिंग और मार्केटिंग की जाए। दोनों योजनाएं यूपी को 'लोकल से ग्लोबल' बनाने की दिशा में नई गति देंगे।

सीएम ने कहा कि ODOP के दूसरे चरण में स्थानीय उद्योग, स्वरोजगार और निर्यात बढ़ाने के प्रयास तेज होंगे। बदलते वैश्विक बाजार, आधुनिक मांग, तकनीकी उन्नयन, गुणवत्ता और पैकेजिंग की नई जरूरतों के लिहाज से ODOP को और व्यापक और व्यावसायिक स्वरूप में बढ़ाने की जरूरत है। सरकार का लक्ष्य होगा कि प्रदेश के पारंपरिक उत्पाद बड़े बाजार, निर्यात और स्थायी रोजगार का मजबूत आधार बनें।

योगी ने कहा कि ODOP से जुड़े कॉमन फैसिलिटी सेंटरों को और अधिक उपयोगी बनाया जाए। इन सेंटरों में स्पेशिएलिस्ट की सेवाएं ली जाएं, ताकि छोटे उद्यमियों को सही सलाह मिल सके। इसके साथ एक ही छत के नीचे डिजाइन, पैकेजिंग और उत्पादन से जुड़ी पूरी मदद मिले।

**30** कॉमन फैसिलिटी सेंटर बनाए गए है ODOP के

**44** उत्पादों को अब तक मिल चुका है जियो टैग

**50%** से अधिक योगदान है राज्य के कुल निर्यात में ODOP का

